Bharat Temples

इतनी भक्ति मुझे दे दो बाबा,
तेरे चरणों की सेवा करूँ मैं,
चाकरी में ही मन ये मगन हो,
माया के जाल में ना घिरुं मैं,
इतनी भक्ति मुझें दे दो बाबा,
तेरे चरणों की सेवा करूँ मैं।।

तर्ज इतनी शक्ति हमें देना दाता।

दूर हो झूठी दुनिया के फंदे,
बस तेरे प्रेम की रौशनी हो,
तुमको सोचूं तुम्हे ही निहारूं,
श्याम ऐसी मेरी ज़िन्दगी हो,
बैर हो ना मेरा तो किसी से,
ना कपट के जगत में फिरूं मैं,
चाकरी में ही मन ये मगन हो,
माया के जाल में ना घिरुं मैं,
इतनी भक्ति मुझें दे दो बाबा,
तेरे चरणों की सेवा करूँ मैं।।

मैं ना सोंचू मिला क्या मुझे है,
देने की ही मेरी भावना हो,
शीश देकर है तूने बताया,
दान की ही सदा कामना हो,
अपनी करुणा से मुझको भिगा दे,

तेरी किरपा से दामन भरूँ मैं,
चाकरी में ही मन ये मगन हो,
माया के जाल में ना घिरुं मैं,
इतनी भक्ति मुझें दे दो बाबा,
तेरे चरणों की सेवा करूँ मैं।।

सांवरे तू पकड़ ले ये बाहें,
सत्य मारग पे मुझको चला दे,
दास चोखानी को प्यारे कान्हा,
प्रेम की दो ही बूंदे पिला दे,
तेरे सेवक की अर्ज़ी यही है,
शीश तेरे चरण में धरूँ मैं,
चाकरी में ही मन ये मगन हो,
माया के जाल में ना घिरुं मैं,
इतनी भक्ति मुझें दे दो बाबा,
तेरे चरणों की सेवा करूँ मैं।।

इतनी भक्ति मुझे दे दो बाबा,
तेरे चरणों की सेवा करूँ मैं,
चाकरी में ही मन ये मगन हो,
माया के जाल में ना घिरुं मैं,
इतनी भक्ति मुझें दे दो बाबा,
तेरे चरणों की सेवा करूँ मैं।।

Singer Iti Verma Rajput

Source: https://www.bharattemples.com/itni-bhakti-mujhe-de-do-baba/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw